**भारत सरकार**
**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**
**रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-644**
**09.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए**

*****

**प्लास्टिक पार्कों की उपलब्धियां**

**644: श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डी:**
**डॉ. संजय जायसवाल:**
**श्री कुरुवा गोरांतला माधव:**
**डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यशील प्लास्टिक पार्कों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का सम्पूर्ण देश में कोई नया प्लास्टिक पार्क स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश और बिहार सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या बिहार के वैशाली जिले में प्लास्टिक पार्क की स्थापना प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ड.) देश में प्लास्टिक पार्कों की अब तक की उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)**

(क): विभाग ने विभिन्न राज्यों में 10 प्लास्टिक पार्कों को मंजूरी दी है जो वर्तमान में पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं। इन पार्कों का विवरण नीचे दिया गया है:

| **क्र.सं** | **राज्य** | **स्थान** |
|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | तमोट, रायसेन |
| 2. | | बिलौआ, ग्वालियर |
| 3. | ओडिशा | सिजू, कुजंगा जिला, जगतसिंहपुर |
| 4. | असम | गेलापुखुरी, तिनसुकिया |
| 5. | तमिलनाडु | वोयलुर, तिरुवल्लूर |
| 6. | झारखंड | देवीपुर, देवघर |
| 7. | उत्तराखंड | सितारगंज, उधम सिंह नगर |
| 8. | छत्तीसगढ | सरोरा, रायपुर |
| 9. | कर्नाटक | गंजीमट, दक्षिण कन्नड़ |
| 10. | उत्तर प्रदेश | भगवानपुर, सहजनवा, गोरखपुर |

(ख) और (ग): जी, नहीं। वर्तमान में मौजूदा 10 प्लास्टिक पार्क, जो कार्यान्वयन के अधीन हैं, उन्हें छोड़कर प्लास्टिक पार्कों की स्थापना की योजना के तहत नए प्लास्टिक पार्कों के अनुमोदन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): जी, हां। गोरौल, वैशाली में प्लास्टिक पार्क की स्थापना का प्रस्ताव बिहार राज्य सरकार से प्राप्त हुआ था। चूंकि प्रस्ताव में केवल 20-25 इकाइयों के लिए योजनाएं थीं, इसलिए इसकी गैर-लाभप्रदता के कारण विभाग द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा इसे शॉर्टलिस्ट नहीं किया गया था।

(ड.): 10 प्लास्टिक पार्कों की प्रगति सह उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | स्थान | अंतिम स्वीकृति | कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए) | भारत सरकार का कुल स्वीकृत अनुदान (करोड़ रुपए) | भौतिक बुनियादी ढांचे के विकास के मामले में कार्य पूर्णता | भूखंडों की कुल संख्या | आवंटन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तमोट, मध्य प्रदेश | अक्टूबर, 2013 | 108 | 40 | 100% | 172 | 17 |
| 2. | पारादीप, ओडिशा | अक्टूबर, 2013 | 106.78 | 40 | 95% | 80 | 19 |
| 3. | तिनसुकिया, असम | फरवरी, 2014 | 93.65 | 40 | 70% | 104 | 44 |
| 4. | बिलौआ, मध्य प्रदेश | दिसंबर, 2018 | 68.72 | 34.36 | 61% | 107 | 02 |
| 5. | देवघर, झारखंड | दिसंबर, 2018 | 67.33 | 33.67 | 76% | 102 | 00 |
| 6. | तिरुवल्लूर, तमिलनाडु | जुलाई, 2019 | 216.92 | 40 | 70% | 65 | 01 |
| 7. | सितारगंज, उत्तराखंड | दिसंबर, 2020 | 67.73 | 33.93 | 10% | 77 | 00 |
| 8. | सरोरा, रायपुर, छत्तीसगढ़ | अप्रैल, 2021 | 42.10 | 21.5 | 5% | 55 | 00 |
| 9. | गंजीमट, मंगलौर, कर्नाटक | जनवरी, 2022 | 62.78 | 31.38 | काम शुरू होना बाकी है। | 53 | 00 |
| 10. | गोरखपुर, उत्तर प्रदेश | अप्रैल, 2022 | 69.58 | 34.79 | काम शुरू होना बाकी है। | 92 | 00 |